ation for arbitration, the financial demands relating to wages and allowances for all categories of employees, for a period of 5 years w.e.f. 1-9-1990, are pending adjudication of National Industrial Tribunal at Bombay.

अहमदाबाद विमान पत्तन से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा

1167. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अहमदाबाद, विमान-पत्तन से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) अहमदाबाद के लिए/से पर्याप्त अंतर्राष्ट्रीय यातायात न होने के कारण, अहमदाबाद हवाई अड्डे से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाएं आरम्भ करने की कोई योजना नहीं है । तथापि, एयर इंडिया अहमदाबाद से दिल्ली और बम्बई होकर विदेशी स्थानों के लिए संपर्क उड़ानें परिचालित करता है।

भोपाल से दक्षिणी राज्यों के लिए सीधी विमान सेवा

1168. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भोपाल से हैदराबाद, मद्रास, त्रिवेन्द्रम और बंगलौर के लिए कोई सीधी विमान सेवा उपलब्ध कराई गई है ;

(ख) यदि नहीं, तो क्या इस संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो भोपाल से इन स्थानों के लिए सीधी विमान सेवा कब तक उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ और धार जिलों में "ध्वनि एवं प्रकाश" कार्यक्रम

1169. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के पर्यटन स्थल ओरछा और धार जिले के पर्यटन स्थल माण्डू में ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है और इसे कब तक शुरू कर दिए जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ और धार जिलों में स्थित पर्यटक स्थल ओरछा और माण्डू में ध्वनि प्रकाश कार्यक्रम आरम्भ करने के लिए फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।